ARI विद्या
ज्ञान से प्रशासन तक

मुख्य परीक्षा अभ्यास प्रश्न

30 July 2026
THURSDAY

क प्रश्न (हिंदी)

भारत में बाघ संरक्षण की सफलता केवल बाघों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि स्थानीय समुदायों के सतत् सह-अस्तित्व को भी सुनिश्चित करना आवश्यक है। चर्चा कीजिए।

(10 अंक, 150 शब्द)

Q Question (English)

The success of tiger conservation in India should not be limited to increasing the number of tigers but should also ensure sustainable co-existence with local communities. Discuss.

(10 Marks, 150 Words)

लेखन के लिए संकेत: उदाहरण, आँकड़े, योजनाएँ, चुनौतियाँ, समाधान एवं आगे की राह को शामिल करें।

प्रश्न संख्या
(Question No.)

U.P.S.C.

इस भाग में कुछ न लिखें
(Don't write anything in this part)

भारत मे बाघ संरक्षण की सफलता केवल बाघों की संख्या बढाने तक सीमित नही होनी चाहिए बल्कि स्थानीय समुदायो के सतत सह आस्तित्व को भी सुनिश्चित करना आवश्यक है चर्चा कीजिए।

Ans → भारत विश्व के सर्वाधिक जंगली बाघो का आवास है प्रोजेक्ट टाइगर (1973) तथा संरक्षण प्रयासों से बाघों की संख्या मे उल्लेखनीय वृद्धि हुई है किंतु संरक्षण की वास्तविक सफलता तभी मानी जाएगी जब बाघ संरक्षण और स्थानीय समुदायों के आजीविका मे संतुलन स्थापित हो

बाघ संरक्षण मे स्थानीय समुदायों का महत्व

① संघर्ष मे कमी :- मानव-बाघ संघर्ष, फसल एवं पशुधन की क्षति को कम किए बिना संरक्षण दीर्घकालिक नही हो सकता है

② जनभागीदारी को बढावा :- स्थानीय समुदाय अवैध शिकार रोकने, वन संरक्षण तथा निगरानी मे प्रभावी सहयोग बन सकते है

③ आजीविका एवं संरक्षण का संतुलन :- इको-टूरिज्म, मुआवजा तथा वैकल्पिक रोजगार से संरक्षण और विकास दोनो को बढाता है।

प्रश्न संख्या
(Question No.)

U.P.S.C.

संरक्षण को प्रभावी बनाने के उपाय :-

- त्वरित तथा पारदर्शी मुआवजा व्यवस्था
- वन्यजीव गलियारों को संरक्षण
- समुदाय आधारित संरक्षण एवं जन जागरूकता को बढावा।

उदाहरण :- अखिल भारतीय बाघ ~~(20~~ आकलन (2023) के अनुसार भारत मे 3682 बाघ दर्ज किए गए जो संरक्षण प्रयासों की सफलता के साथ सह अस्तित्व की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

प्रमुख अवधारणाएँ

- प्रोटेक्ट टाइगर
- NTCA
- मानव-वन्यजीव संघर्ष
- वन्यजीव गलियारे

निष्कर्ष: अतः बाघ संरक्षण का उद्देश्य केवल प्रजाति संरक्षण नहीं, बल्कि प्रकृति तथा समुदाय के बीच संतुलन सह-अस्तित्व करना होना चाहिए यही संरक्षण की दीर्घकालिक एवं सतत सफलता का आधार है।

30 July 2026

भारत में बाघ संरक्षण की सफलता केवल बाघों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि स्थानीय समुदायों के सतत सह-अस्तित्व को भी सुनिश्चित करना आवश्यक है। चर्चा कीजिए।

भारत विश्व के जैव विविधता सम्पन्न देशों में से एक है। प्रोजेक्ट टाइगर की सफलता के कारण देश में बाघों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसी प्रकार एक सींग वाले गैंडों के संरक्षण मे भी भारत में सफलता प्राप्त की है। किंतु वन्यजीव संरक्षण केवल इन प्रजातियों तक सीमित नहीं रहना चाहिए।

एशियाई शेर वर्तमान में मुख्यतः गुजरात के गिर राष्ट्रीय उद्यान तक सीमित है। एक ही क्षेत्रों में इनकी अधिक आबादी होने से महामारी, प्राकृतिक आपदा, जंगल की आग तथा मानव - वन्यजीव संघर्ष

जैसे जोखिम बढ़ जाते हैं। इसलिए इनके लिए वैकल्पिक आवास विकसित करना और अन्य राज्यों में पुनर्वास की योजना आवश्यक है।

संरक्षित क्षेत्रों का विस्तार

- वन्यजीव गलियारों का विकास
- स्थानीय समुदायों की भागीदारी
- शिकार पर कठोर नियंत्रण तथा वैज्ञानिक निगरानी को बढ़ावा देना
- संरक्षण कार्यक्रम के लिए वित्तीय एवं तकनीकी संसाधन उपलब्ध किया जाना।

अतः भारत में वन्यजीव संरक्षण का लक्ष्य केवल बाघ या गैंडों तक सीमित न होकर सभी संकटग्रस्त संरक्षण पर केंद्रित होना चाहिए। यही समग्र संरक्षण दृष्टिकोण जैव विविधता, पारिस्थितिक संतुलन तथा सतत विकास को सुनिश्चित किया।

Scanned with OKEN Scanner

पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर (POJK) से सम्बन्धित घटनाक्रम भारत की विदेश नीति एवं राष्ट्रिय सुरक्षा के लिए किस प्रकार महत्वपूर्ण है? चर्चा कीजिए।

पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर भारत के जम्मू कश्मीर का वह भाग है जिस पर 1947-48 के युद्ध के बाद पाकिस्तान का अवैध कब्जा है। यह क्षेत्र भारत की सम्प्रभुता, सीमा पर आतंकवाद पर अंकुश, और चीन - पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) जैसे सामरिक मुद्दों का केन्द्र बिन्दु है।

भारत के विदेश नीति के लिए महत्व

1. संप्रभुता और क्षेत्रीय अखण्डता

- भारत (POJK) को अपना अभिन्न अंग मानता है।
- सभी अन्तर्राष्ट्रिय मंचों पर भारत इसकी संवैधानिक एवं कानूनी स्थिति को दोहराता है।

2. भारत - पाक सम्बन्धों का प्रमुख मुद्दा -

- POJK से जुड़ी गतिविधियां द्विपक्षीय सम्बन्धों को प्रभावित करती है।
- सीमा पार आतंकवाद और घुसपैठ शांति प्रक्रिया में बाधक हैं।

3. चीन - पाकिस्तान सहयोग -

- POJK से होकर गुजरने वाला चीन - पाक आर्थिक गलियारा भारत की संप्रभुता सम्बन्धित चिंता उत्पन्न करता है।
- इससे भारत की कूटनीतिक रणनीति और इंडो - पैसिफिक रणनीति प्रभावित होती है।

4. वैश्विक कूटनीति -

भारत आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक समर्थन जुटाने तथा पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराने का प्रयास करता है।

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्त्व

- सीमा पर आतंकवाद - आतंकी प्रशिक्षण शिविर एवं घुसपैठ।
- लाइन ऑफ कन्ट्रोल (LOC) पर सुरक्षा चुनौतियाँ - संघर्षविराम उल्लंघन, ड्रोन के माध्यम से हथियार एवं मादक पदार्थों की तस्करी।
- सामरिक महत्त्व - POJK का स्थान लद्दाख, सियाचिन एवं काराकोरम क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़ा है।

आगे की रणनीति

- प्रमुख देशों के साथ रक्षा एवं रणनीतिक सहयोग बढ़ाना।
- जम्मू-कश्मीर में विकास लोकतंत्र और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना
- वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को उजागर करना
- आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति।
- सीमा प्रबन्धन एवं आधुनिक निगरानी प्रणाली को मजबूत करना।

POJK से जुड़े घटनाक्रम केवल सीमा विवाद नहीं है, बल्कि भारत की सम्प्रभुता, विदेश नीति, आतंकवाद-रोधी रणनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े बहुआयामी विषय है। भारत की दृढ़ कूटनीति, सशक्त सुरक्षा व्यवस्था और समावेशी विकास के माध्यम से अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता को भी बढ़ावा देना चाहिए।

"The success of tiger conservation in India should not be limited to increase the no. of tigers but should also ensure sustainable coexistence with local communities". Discuss. (150 words).

As per <u>All India Tiger Estimation</u> (AITE), 2026 is the <u>6th cycle</u> of India's nationwide tiger census, reflecting the country's strong commitment to scientific wildlife monitoring.

* Measures to ensure Sustainable Human-Tiger co-existence

1. Reduce human tiger conflict through timely compensation → early warning system.

2. Community participation via (EDCs) Eco-development Committee & local community.

3. Habitat connectivity & landscape-level conservation to reduce tiger movement into human settlements.

4. Livelihood security through eco-tourism, skill development & sustainable livelihoods.

Ex:- <u>Tamil Nadu's</u> (Madumalai Tiger Reserve) is a leading example where community-led eco-tourism & local participation while supporting tiger conservation.

Scanned with OKEN Scanner

CHALLENGES
- → Human – Wildlife conflict
- → Habitat fragmentation
- → Delayed Compensation
- → Illegal Poaching & Encroachment
- → Habitat Pressure

Govt Initiatives

Project Tiger 1973
↓
National Tiger Conservation
↓
Eco-development Committees

Healthy Tiger Population → Protected Ecosystem → Community Participation → Sustainable Livelihoods

Way Forward
- → Strengthen Biodervisity
- → Build stronger partnership
- → Improve Institutional Preparedness
- → Protect Ecological Connectivity
- → Ensure Transparent governance

Thus, By protecting tigers and their habitats while ensuring community participation, India is enhancing conservation, strengthening biodiversity & advance the vision of Ecological security through Sustainable development.

Vikshit Bharat 2047

Please do not write anything except the question number in this margin.
(कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।)

30/7/26

U.P.S.C.

Please do not write anything in this margin.
(कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।)

भारत में बाघ संरक्षण की सफलता केवल बाघों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि स्थानीय ~~समूहों के~~ समुदायों के सतत सह-अस्तित्व को भी सुनिश्चित करना आवश्यक है। चर्चा कीजिए।

उत्तर => भारत में या किसी भी जगह कोई भी प्रोजेक्ट चलाने के पहले स्थानीय समूह की भागीदारी होना उसमें जरूरी है।
बाघ प्रोजेक्टर ~~टाम~~ टाइगर से 75% बाघों की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो स्थानीय समुदायों की भागीदारी पर नजर डालती है।

केवल संख्या बढ़ाने तक ही सीमित क्यों नहीं?

-> मानव-वन्यजीव संघर्ष -> बाघों की बढ़ती जनसंख्या व सिकुड़ते गलियारों के कारण मानव-वन्यजीव के मध्य संघर्ष।

-> स्थानीय विस्थापन -> संरक्षण नीतियों के कारण जनजाति व स्थानीय समूहों का स्थानान्तरण जिससे उनमें आक्रोश उत्पन्न

-> समुदायों में अलगाव की भावना => संरक्षण नीतियों का उन्हें लाभ न मिलने से वे नीति विरोधी हो जाते है, और अवैध कार्य करते है, जैसे - शिकार

(कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।)

कुछ न लिखें।)

समुदायों संग सतत विकास क्यों आवश्यक?

1. पारंपरिक ज्ञान → स्थानीय व आदिवासी समूहों जैसे बैगा, गोण्ड के पास पारंपरिक ज्ञान।

2. प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता ⇒ अवैध शिकार, आग को रोकने व सूचना देने में प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता

3. दीर्घकालिक समर्थन ⇒ स्थानीय समर्थन मिलने से अवैध शिकार में कमी।

चुनौतियाँ
- विस्थापन
- मानव-बाघ संघर्ष में वृद्धि
- पर्यटन दबाव
- स्थानीय समुदायों की सीमित भागीदारी
- मुआवजा वितरण में देरी

आगे की राह
↓
* इको-विकास समिति सशक्त बनाना
* समुदाय आधारित ईको टूरिज्म

सरकारी योजना
↓
* CAMPA
* वन अधिकार अधिनियम, 2006
* वन धन विकास केंद्र

बाघ संरक्षण जैसे कार्यों में स्थानीय समुदाय का उनके ज्ञान, प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के कारण महत्व बढ़ जाता है। किसी भी योजना को सफलता वहाँ के स्थानीय समुदाय के बिना प्राप्त नहीं हो सकती।

UPSC

Answer Questions in NOT MORE THAN the Word Limit specified for each in the Parenthesis.
Content of the Question is more important than length.
(Specimen Answer Booklet - For Practice Purpose Only)

प्रश्न. भारत में बाघों के संरक्षण की सफलता केवल बाघों की संख्या तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि, स्थानीय समुदायों के सतत् सह-अस्तित्व को भी सुनिश्चित करना आवश्यक है। चर्चा करें (150 शब्द)

• भारत में प्रोजेक्ट टाइगर (1973) की सफलता एक वैश्विक मिसाल है, जिसके परिणामस्वरूप आज भारत में दुनिया के 70% बाघ हैं। किन्तु दीर्घकालिक संरक्षण की वास्तविक सफलता 'मानव-वन्यजीव संघर्ष' को कम कर स्थानीय समुदायों के साथ 'सतत-सह-अस्तित्व' सुनिश्चित करने में ही निहित है।

• <u>मानव-बाघ संघर्ष कम करने हेतु प्रयास-</u>

→ बाघों के खेतों और गाँवों की ओर जाने से मानव-मृत्यु, पशुओं का शिकार और जन आक्रोश बढ़ा है।

→ वन विभाग की संकट-प्रबंधन रणनीति अब तक प्रतिक्रियाशील रही है। अब इसे विज्ञान-आधारित सक्रिय रणनीति में बदलने की आवश्यकता है।

→ TOTR - टाइगर्स आउटसाइड टाइगर रिज़र्व-

• Pilot Project - इसका ट्रायल 9 राज्यों में किया जाएगा -

(Please do not write anything except the question number in this space)
कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

Answer Questions in NOT MORE THAN the Word Limit specified for each in the Parenthesis.
Content of the Question is more important than length.
(Specimen Answer Booklet - For Practice Purpose Only)

अभ्यर्थियों को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिए।
Candidates must not write on this margin

- Pilot Project की विशेषताएँ →

→ मानव बाघ संघर्ष कम करने हेतु
→ दीर्घकालिक सह अस्तित्व
→ पूर्व चेतावनी प्रणाली (आधुनिक तकनीक द्वारा)
→ सक्रिय दृष्टिकोण से कार्य
→ त्वरित मुआवजा तंत्र

- TOTR पहल यह दर्शाती है कि वन्यजीव संरक्षण अब केवल बाड़ लगे जंगलों तक सीमित नहीं रह सकता यदि सुव्यवस्थित त्वरित मुआवजा तंत्र और पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाये जाएँ, तो TOTR प्रोजेक्ट भी प्रोजेक्ट टाइगर की तरह एक वैश्विक बेंचमार्क बन सकता है जो यह साबित करेगा कि इंसान और बड़े मांसाहारी जानवर साझा परिदृश्य में शान्तिपूर्ण सह अस्तित्व रख सकते हैं।